अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों के सम्बन्ध में दिनांक 19.03.2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 19.03.2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक की गई एवं समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर, डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, मेसर्स सी0एस0 टेक लिमिटेड (टी0पी0आई एजेन्सी), सीतापुर, असिस्टेन्ट जनरल मैनेजर, मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड, सीतापुर एवं प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स लार्सेन एण्ड टूब्रो लिमिटेड सीतापुर उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नवत् निर्देश दिये गये–

1– समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व में जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा 300 नग योजनाओं में सड़क पुर्नस्थापना की जॉच हेतु आप द्वारा निर्देशित किया गया था जिसमें 100 नग योजनाओं की जांच आख्या कार्यालय को प्राप्त हुई जिसमें 91 नग योजनाओं मे कार्य सन्तोषजनक पाया गया था तथा 09 नग योजनाओं में कार्य अवशेष/सुधार की आवश्यकता पायी गई थी एवं 200 नग योजनाओं की जांच आख्या प्राप्त होना शेष है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि उक्त 200 नग योजनाओं की सड़क पुर्नस्थापना की जांच हेतु नामित जिला स्तरीय अधिकारियों को रिमाइन्डर पत्र अधोहस्ताक्षरी के स्तर से तत्काल प्रेषित किया जाये।

(कार्यवाही– अधि0अभि0 जल निगम ग्रामीण)

2– समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर द्वारा शिरोपरि जलाशयों में लगायी गई NCs के कार्यों का प्रगति विवरण प्रस्तुत किया गया। विवरण के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड की 130 किटिकल एवं 204 मेजर कुल 334 NCs है जिसमें 128 किटिकल एवं 197 मेजर कुल 325 NCs टी0पी0आई0 द्वारा जॉचोंपरान्त क्लोज कर दी गई तथा 9 NCs को क्लोज करने हेतु मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड, सीतापुर को निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही– मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड / टी0पी0आई0 सी0एस0टेक लिमिटेड)

3– समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड एवं मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लिमिटेड को निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन बिछाते समय तोड़े गये मार्गो की पुर्नस्थापना के कार्यों की प्रगति अपेक्षा अनुरूप नहीं है जिस पर मैनपावर बढ़ाते हुए तीव्र गति से अवशेष सड़क पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही– मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड /मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लिमिटेड/ टी0पी0आई0 सी0एस0टेक लिमिटेड)

4– जिलाधिकारी महोदय द्वारा योजनाओं के समस्त कार्य पूर्ण कर संचालन एवं अनुरक्षण में ली जाने वाली योजनाओं की जानकारी चाही गई जिस पर अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड की 117 नग योजनाऐं संचालन एवं अनुरक्षण में सम्मिलित कर ली गई हैं एवं मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लिमिटेड की 17 नग योजनाऐं संचालन एवं अनुरक्षण में सम्मिलित कर ली गई हैं। अधोहस्ताक्षरी द्वारा असिस्टेन्ट जनरल मैनेजर, मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड, सीतापुर को अगली बैठक तक 150 नग योजनाओं एवं प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लिमिटेड, सीतापुर को 60 नग योजनाओं को संचालन एवं अनुरक्षण में सम्मिलित करने हेतु निर्देशित किया गया।

(कार्यवाही– मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड //मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लिमिटेड/ टी0पी0आई0 सी0एस0टेक लिमिटेड)

5— अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद की हर घर जल मार्क 250 नग ग्राम पंचायतों का जल सेवा आंकलन किया जाना प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष 231 नग ग्राम पंचायतों का जल सेवा आंकलन पंचायत सचिवों द्वारा किया जा चुका है शेष प्रगति पर है। जनपद में दिनांक 08 मार्च 2026 से 22 मार्च 2026 तक जल अर्पण / जल महोत्सव के अन्तर्गत जनप्रतिनिधियों की गरिमामई उपस्थिति में 02 नग योजनाओं का जल अर्पण / जल महोत्सव कराया जा चुका है। जनपद के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधानों / पंचायत सचिवों द्वारा 1—1 नल जल मित्र का चयन किया जाना है जिसमें अद्यतन तक 75 नल जल मित्रों का चयन किया जा चुका है। जनपद में 729 नग एकल ग्राम योजनाओं की RPWSS (ग्रामीण पाइप पेयजल सप्लाई योजना) आई0डी0 बनायी जाना लम्बित है जिसके सापेक्ष 473 एकल ग्राम योजनाओं की RPWSS (ग्रामीण पाइप पेयजल सप्लाई योजना) आई0डी0 बनायी जा चुकी है अवशेष आई0डी0 बनाये जाने का कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त अवगत कराया गया कि जलापूर्ति से सम्बन्धित किसी भी समस्या को जल सारथी ऐप एवं टोल फ्री नं0 18001212164 पर पंजीकृत किया जा सकता है।

23/3/26

(डा0 राजागणपति आर.)
जिलाधिकारी
सीतापुर।

कार्यालय जिलाधिकारी सीतापुर

पृ0 संख्या: 1799 / M-3 /07 दिनॉक 24 /03 /2026

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1— मुख्य विकास अधिकारी सीतापुर।
2— अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर।
3— असिस्टेन्ट जनरल मैनेजर, मेसर्स एन0सी0सी0 लिमिटेड, सीतापुर।
4— प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स लार्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड सीतापुर।
5— डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, मेसर्स सी0एस0 टेक लिमिटेड (टी0पी0आई एजेन्सी), सीतापुर।

जिलाधिकारी,
सीतापुर।